कोई प्लैन चुनते समय स्वयं से पूछे जाने वाले 5 प्रश्न

हैल्थ इंश्योरेंस मार्केटप्लेस विविध प्रकार की आवश्यकताओं और बजटों को पूरा करने के लिए भिन्न प्रकार के प्लैन पेश करता है। अधिकाँश लोग स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा को वहन करने योग्य बनाने के लिए वित्तीय सहायता के पात्र होते हैं। इस बात के आधार पर प्लैनों की तुलना करें कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है और मूल्य तथा बीमा सुरक्षा का वह संयोजन चुनें जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो। मार्केटप्लेस बीमा सुरक्षा खरीदते समय स्वयं से ये 5 प्रश्न पूछें।

1. क्या मैं मार्केटप्लेस बीमा सुरक्षा के लिए भुगतान करने के लिए सहायता प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

आप अपनी बीमा सुरक्षा के खर्च को कम करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। HealthCare.gov पर किसी हैल्थ प्लैन में नामांकन कराने वाले अधिकाँश लोग वित्तीय सहायता से प्रति माह $50-$100 के कम प्रीमियम वाले प्लैन पा सकते हैं। आप द्वारा मार्केटप्लेस आवेदन (एप्लीकेशन) भरने के बाद, आप यह जानेंगे कि क्या आप अपने मासिक प्रीमियमों और देखभाल की लागत को कम करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं। यह वित्तीय सहायता आपके बच्चे की दाँतों की बीमा सुरक्षा पर भी लागू होगी, चाहे यह आपके हैल्थ प्लैन का भाग हो या कोई स्वतंत्र दंत प्लैन हो।

इस बारे में HealthCare.gov/lower-costs पर और अधिक जानें कि मार्केटप्लेस में कम खर्च कैसे प्राप्त करें।

2. हैल्थ प्लैनों में कौन-से लाभ कवर होते हैं?

मार्केटप्लेस में सभी हैल्थ प्लैन “आवश्यक स्वास्थ्य लाभों” के समान सेट की पेशकश करते हैं। इन लाभों में डॉक्टर के यहाँ जाना, प्रेस्क्रिप्शन, अस्पताल में भर्ती होना, गर्भावस्था जैसी और इसके अतिरिक्त जैसी बातें शामिल होती हैं।

हैल्थ प्लैन किसी विशेष रोग या स्थिति के लिए नज़र, दाँत या डॉक्टरी प्रबंधन कार्यक्रमों जैसे अन्य लाभों की पेशकश कर सकते हैं। फिर भी, विशेष लाभ प्रत्येक राज्य में भिन्न हो सकते हैं। यहाँ तक कि समान राज्य में भी, प्लैनों के बीच थोड़े अंतर हो सकते हैं। जब आप प्लैनों की तुलना करेंगे, तब आप यह देखेंगे कि प्रत्येक प्लैन में कौन-से लाभ शामिल हैं।

3. मैं कोई ऐसा प्लैन कैसे पाऊँ जो मेरे बजट के अनुरूप हो और मेरी आवश्यकताओं को पूरा करता हो?

कोई प्लैन चुनते समय, आपके स्वास्थ्य की देखभाल की पूरी लागतों के बारे में सोचना अच्छा रहता है, न कि केवल उस प्रीमियम के बारे में सोचना जिसका आप अपनी बीमा कंपनी को हर महीने भुगतान करते हैं। सह-बीमा या सहभुगतान जैसे अपनी ओर से किए जाने वाले खर्चों का आपके स्वास्थ्य की देखभाल के कुल खर्च पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

आपकी देखभाल के कुल खर्चों के आधार पर किसी प्लैन को चुनने के लिए, आपको यह अनुमान लगाने की ज़रूरत होगी कि आने वाले वर्ष में आप द्वारा कितनी देखभाल का उपयोग करने की संभावना है। जब आप मार्केटप्लेस में प्लैनों की तुलना करते हैं, तब आप परिवार के प्रत्येक सदस्य के अनुमानित चिकित्सा उपयोग को कम, मध्यम, या अधिक के रूप में चुन सकते हैं। जब आप प्लैन देखते हैं, तब आप अपने परिवार की देखभाल के अनुमानित उपयोग के आधार पर मासिक प्रीमियमों और अपनी ओर से किए जाने वाले सभी खर्चों सहित अपने कुल खर्च का अनुमान देखेंगे।

मार्केटप्लेस प्लैनों को 5 श्रेणियों में रखा जाता है: ताम्र, रजत, स्वर्ण, प्लैटिनम और विनाश संबंधी। **ये श्रेणियाँ इस बात पर आधारित हैं कि आप और आपका हैल्थ प्लैन आपकी देखभाल के कुल खर्चों को कैसे वहन करते हैं।**

सामान्य रूप से, अधिक प्रीमियमों वाली प्लैन श्रेणियाँ (स्वर्ण और प्लैटिनम) आपकी देखभाल के कुल खर्चों में से अधिक खर्चों का भुगतान करती हैं। कम प्रीमियमों वाली श्रेणियाँ (ताम्र और रजत) आपके कुल खर्चों में से कम खर्चों का भुगतान करती हैं। नीचे रजत प्लैनों के बारे में अपवाद देखें।

ध्यान दें: विनाश संबंधी प्लैन केवल 30 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों या उन व्यक्तियों को उपलब्ध होते हैं जिन्हें विपत्ति की छूट मिली होती है। विपत्ति की छूटों के बारे में और अधिक जानने के लिए HealthCare.gov/fees-exemptions/hardship-exemptions.

यहाँ इस संबंध में विवरण दिया गया है कि आप अपने लिए उपयुक्त कोई प्लैन श्रेणी कैसे खोजें:

- **यदि आपको लगता है कि आपको डॉक्टर के यहाँ बहुत बार जाने या नियमित रूप से प्रेस्क्रिप्शनों की ज़रूरत होगी:** तो आप स्वर्ण या प्लैटिनम प्लैन चाह सकते हैं। इन प्लैनों के लिए आमतौर पर अधिक मासिक प्रीमियम होते हैं लेकिन ये तब आपके अधिक खर्चों का भुगतान करते हैं जब आपको देखभाल की ज़रूरत होती है।
- **यदि आपको ऐसा नहीं लगता कि आप नियमित चिकित्सा सेवाओं का उपयोग करेंगे और नियमित प्रेस्क्रिप्शन नहीं लेंगे:** तो आप रजत, ब्रांज़ या विनाश संबंधी प्लैन पसंद कर सकते हैं। इस प्लैनों के लिए आपको प्रति माह कम खर्च करना पड़ता है लेकिन ये तब आपके कम खर्चों का भुगतान करते हैं जब आपको देखभाल की ज़रूरत होती है।
- **यदि आप अपनी ओर से किए गए खर्चों पर अतिरिक्त बचत के लिए पात्र हों:** तो आपका बेहतरीन मूल्य सिल्वर प्लैन हो सकता है। यदि आप अपनी आय के आधार पर "**लागत-साझेदारी की कटौती**" के लिए पात्र हैं, तो आपकी कटौती राशि कम हो सकती है और तब आप अपनी ओर से किए जाने वाले कम खर्चों (**सहभुगतानों** और **सह बीमा** सहित) का भुगतान करें जब आप देखभाल प्राप्त करते हैं–लेकिन तभी यदि आप किसी रजत प्लैन में नामांकन कराते हैं।

4. दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा मार्केटप्लेस में कैसे काम करती है?

आप द्वारा अपना मार्केटप्लेस आवेदन भरने और अपने परिणाम प्राप्त करने के बाद, आप इसके बाद ऐसे हैल्थ प्लैन देख सकते हैं जिनमें दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा सम्मिलित होती है। दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा की कुछ हैल्थ प्लैनों के भागस्वरूप पेशकश की जाती है, लेकिन उन सभी के भागस्वरूप नहीं। यदि आप यह निर्णय लेते हैं कि आप दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा चाहते हैं और आपका प्लैन इसकी पेशकश नहीं करता है, तो आप उसी समय किसी अलग दाँतों संबंधी स्वतंत्र प्लैन में नामांकन करा सकते हैं जिस समय आप किसी स्वास्थ्य प्लैन में नामांकन कराते हैं। दाँतों संबंधी कुछ प्लैन केवल बच्चों को कवर करते हैं और अन्य परिवारों को कवर करते हैं। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए प्लैन के ब्यौरों की समीक्षा करनी चाहिए कि आपकी इच्छा के लाभ प्लैन में शामिल हैं।

मार्केटप्लेस में बच्चों की दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा अनिवार्य स्वास्थ्य लाभ है। इसका यह अर्थ है कि यदि आपके बच्चे की आयु 18 वर्ष या इससे कम है, तो दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा किसी हैल्थ प्लैन या दाँतों संबंधी स्वतंत्र प्लैन के रूप में अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए।

मार्केटप्लेस दाँतों संबंधी प्लैनों को 2 प्लैन श्रेणियों में रखा जाता है: कम और अधिक ये श्रेणियाँ इस पर आधारित हैं कि आप और प्लैन बच्चों के लिए दाँतों की देखभाल के कुल खर्चों को किस प्रकार साझा करते हैं (श्रेणियाँ केवल बच्चों की दाँतों संबंधी बीमा सुरक्षा के आवश्यक स्वास्थ्य लाभों पर लागू होती हैं)। आप द्वारा चुनी गई दाँतों संबंधी प्लैन श्रेणी उस कुल धनराशि को प्रभावित करती है जो आप वर्ष के दौरान अपने बच्चे के दाँतों की देखभाल के लिए अपनी ओर से संभावित रूप से खर्च करेंगे।

5. क्या मेरे डॉक्टर और प्रिस्क्रिप्शन दवाइयों को कवर किया जाएगा?

आप द्वारा मार्केटप्लेस में प्लैनों की तुलना करने से पहले, आपके पास अपने डॉक्टरों, चिकित्सा सुविधाओं और प्रेस्क्रिप्शन दवाओं को दर्ज करने का विकल्प होगा। जब आप प्लैन देखते हैं, तब आप देखेंगे कि क्या आप द्वारा दर्ज किए गए डॉक्टर, चिकित्सा सुविधाएं और प्रेस्क्रिप्शन दवाएं प्रत्येक प्लैन द्वारा कवर्ड हैं।

सवाल हैं? सहायता उपलब्ध है।

- अतिरिक्त सूचना के लिए HealthCare.gov/choose-a-plan देखें।
- अपने क्षेत्र में स्वयं की सहायता करने के लिए किसी को Localhelp.HealthCare.gov पर खोजें।.
- मार्केटप्लेस कॉल सेंटर से **1-800-318-2596** पर संपर्क करें। TTY प्रयोक्ताओं को 1-855-889-4325 पर फोन करना चाहिए।

आपके पास ऐक्सेस करने योग्य फॉर्मेट में मार्केटप्लेस सूचना प्राप्त करने का अधिकार है, जैसे बड़े अक्षर, ब्रेल, या ऑडियो। आपके पास उस स्थिति में शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है, यदि आप ऐसा महसूस करते हैं कि आपके विरुद्ध भेदभाव किया गया है। अधिक जानकारी के लिए CMS.gov/about-cms/agency-information/aboutwebsite/cmsnondiscriminationnotice.html पर जाएं या मार्केटप्लेस कॉल सेन्टर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY प्रयोक्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

इसके लिए भुगतान स्वास्थ्य और मानवीय सेवाएं विभाग द्वारा किया गया।

CMS Product No. 11672-Hindi
Revised August 2018